राष्ट्रीय संस्करण
CopyRight Jagran.com
दैनिक जागरण
वर्ष 3 अंक 11
मूल्य ₹5 .00, नई दिल्ली, शुक्रवार, 21 जून 2019
www.jagran.com
पृष्ठ 14
योग : कर्मसु कौशलम्

तत्काल तीन तलाक और हलाला पर रोक जरूरी : कोविंद

राष्ट्रपति का अभिभाषण ▶ सरकार के अगले पांच साल के कामकाज की झलक दिखी , कहा, 'एक देश, एक साथ चुनाव' समय की मांग

घुसपैठ बड़ी समस्या, अन्य राज्यों में भी लागू होगा एनआरसी

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली

17वीं लोकसभा के गठन के बाद संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने गुरुवार को नए भारत के निर्माण के लिए उठाए गए कदमों की चर्चा करते हुए अगले पांच साल के अहम लक्ष्यों को भी गिनाया। कोविंद ने कहा, देश में महिलाओं के समान अधिकार सुनिश्चित करने के लिए तत्काल तीन तलाक और निकाह हलाला जैसी सामाजिक कुप्रथा खत्म किया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा, जनता ने चुनाव में देश के विकास की गति बनाए रखने के लिए मतदान किया है और यह आगे भी जारी रहेगा। सरकार हर आदमी के उत्थान के लिए काम करेगी। कोविंद ने 'एक देश, एक चुनाव' को वक्त की जरूरत बताया।

संसद के सेंट्रल हॉल में करीब एक घंटे के संबोधन में राष्ट्रपति ने अगले पांच साल में 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' के नारे के साथ नए भारत के निर्माण और पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की आकांक्षा को पूरा करने के लिए ठोस कदमों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए देश की सुरक्षा को सबसे पहली प्राथमिकता बताया। राष्ट्रपति ने सांसदों से अनुरोध किया, 'हमारी बहनों और बेटियों के जीवन को सम्मानजनक एवं बेहतर बनाने वाले प्रयासों में सहयोग दें।' राष्ट्रपति ने कहा, 'एक राष्ट्र, एक साथ चुनाव' सरकार की प्राथमिकता में है और यह समय की मांग है। उन्होंने सांसदों से आह्वान किया, 'वे एक राष्ट्र-एक साथ चुनाव के विकासोन्मुख प्रस्ताव पर गंभीरतापूर्वक विचार करें।' घुसपैठ को सबसे बड़ा खतरा बताते हुए कहा, इससे जूझ रहे क्षेत्रों में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर को लागू किया जाएगा। फिलहाल एनआरसी पर काम केवल असम में हो रहा है, इसका विस्तार दूसरे राज्यों में भी होगा। (पेज-3 भी देखें)

नई दिल्ली में गुरुवार को संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद (टीवी ग्रैब)। प्रेट्र

आतंक पर जारी रहेगी जीरो टॉलरेंस नीति

कोविंद ने सीमा पार सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में नया आयाम बताते हुए कहा कि आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की यह नीति आगे भी बरकरार रहेगी।

2022 तक सभी को पानी, बिजली और सड़क

राष्ट्रपति ने कहा, सरकार की कोशिश महिला, किसान, सुरक्षा, कूटनीति, संस्कृति, किसान, गरीब, उद्योग, व्यापारी सभी क्षेत्रों में हर व्यक्ति के जीवन में सुधार लाने की होगी। हर व्यक्ति को 2022 तक पानी, बिजली, सड़क की मूलभूत जरूरतों के साथ पक्का आवास उपलब्ध कराकर और किसानों की आय दोगुनी कर नए भारत के निर्माण का सपना साकार किया जाएगा।

राष्ट्रपति कोविंद के अभिभाषण के प्रमुख बिंदु

- 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' सरकार का लक्ष्य, विकास यात्रा जारी रखने के लिए लोगों ने मोदी सरकार को फिर दिया जनादेश,
- इस लोकसभा में आधे सांसद पहली बार निर्वाचित हुए हैं। 78 महिलाओं का चुना जाना नए भारत की तस्वीर
- सरकार नए भारत के निर्माण में जुटी, 21 दिन के कार्यकाल में ही किसान, जवान के लिए बड़े फैसले लिए
- दुनिया में साख बढ़ी, भारत 2022 में होगा जी-20 शिखर सम्मेलन का मेजबान, आतंकवाद के खिलाफ विश्व साथ, राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता
- पहली बार कोई सरकार छोटे दुकानदारों के लिए पेंशन योजना लाई।
- देश में जल संरक्षण आंदोलन चलेगा, लंबित सिचाई योजना हो रहीं पूरी, कृषि उत्पादकता बढ़ाने को आगामी वर्षों में 25 लाख करोड़ का निवेश होगा।
- सरकार का लक्ष्य, डाकिए ही बनें चलता फिरता बैंक, रोजगार बढ़ाने को मुद्रा योजना में 30 करोड़ लोगों को देंगे कर्ज
- सरकार जल्द करेगी नई औद्योगिक नीति का एलान, 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' में शीर्ष 50 देशों की सूची में आना लक्ष्य।
- गंगा की अविरलता कायम रखने को तैयार, अन्य नदियां भी होंगी प्रदूषण मुक्त।

लोकसभा में आज पेश होगा तीन तलाक पर नया विधेयक

नई दिल्ली, प्रेट्र : एक बार में तीन तलाक को गैरकानूनी ठहराने संबंधी नया बिल शुक्रवार को लोकसभा में पेश किया जाएगा। मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) विधेयक, 2019 फरवरी में जारी किए गए अध्यादेश का स्थान लेगा। पूर्व की राजग सरकार ने यह अध्यादेश जारी किया था। मोदी सरकार ने पिछले कार्यकाल में तीन तलाक पर बिल पेश किया था, जो लोकसभा में पास हो गया था, लेकिन राज्यसभा में लंबित था। 16वीं लोकसभा की समाप्ति के साथ ही वह विधेयक भी खत्म हो गया था। तीन तलाक (तलाक-ए-बिद्दत) को अपराध बनाने वाले इस बिल का विपक्षी दलों ने विरोध किया था। विपक्ष ने तीन तलाक देने पर पति को जेल की सजा के प्रावधान पर आपत्ति जताई थी। नए बिल में भी एक बार में तीन तलाक को अवैध, शून्य और अपराध बनाया गया है और इसमें पति के लिए तीन साल कैद की सजा का प्रावधान है। हालांकि, सरकार ने इसके दुरुपयोग को रोकने के लिए कुछ उपाय भी जोड़े हैं।

लोकतंत्र के प्रहरी
आपातकाल के 44 साल

मुझे तोड़ने के लिए परिवार को किया जलील

अमृतसर : आपातकाल के दौर को याद करते हुए पूर्व मेयर बख्शीराम अरोड़ा बताते हैं कि सत्याग्रह को विफल करने और मेरी गिरफ्तारी के लिए परिवार की महिलाओं को जलील किया गया। मैं टूट जाऊं, इसलिए पिता और भाई को गिरफ्तार कर पैदल ले जाया गया था। ● पेज 13

हमारी सरकार

स्मृति ईरानी, केंद्रीय मंत्री, महिला एवं बाल कल्याण मंत्रालय

अपनी शर्तों पर जीने की सफल कहानी

● पेज 5

विश्वास News

विराट कोहली के नाम पर वायरल हो रही है फर्जी पोस्ट ?

विश्वास न्यूज की पड़ताल ● पेज 7

सरोकार

इनके लिए संतान से कम नहीं है नीम का यह पेड़

भोपाल : 21 जून को पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में योग दिवस मनाएगा, वहीं

भोपाल में पिपलानी आदर्श मार्केट परिसर में नीम के पेड़ का 25वां जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस पेड़ को व्यापारी अपनी संतान मानते हैं और देखरेख भी इसी तरह करते हैं। जन्मदिन पर समारोह आयोजित कर व्यापारी केक काटेंगे और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देंगे। (पेज-13)

न्यूज गैलरी

नेशनल न्यूज ▶ पृष्ठ 6

हिमाचल में बस खाई में गिरने से 44 की मौत, 35 घायल

कुल्लू : हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के बंजार में गुरुवार को एक निजी बस 500 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 44 लोगों की मौत हो गई, जबकि 35 अन्य घायल हो गए। 42 सीटर बस में 80 लोग सवार थे। हादसे का कारण चढ़ाई पर बस का गियर न बदलना बताया जा रहा है। हादसे की न्यायिक जांच के आदेश दिए गए हैं।

स्पोर्ट्स ▶ पृष्ठ 13

आइओसी ने हटाया भारत से मेजबानी पर लगा प्रतिबंध

लुसाने : अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) ने अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों की मेजबानी को लेकर भारत पर लगाया गया प्रतिबंध गुरुवार को हटा दिया। इससे दो दिन पहले ही केंद्र सरकार ने आश्वासन दिया था कि किसी योग्य खिलाड़ी को राजनीतिक कारणों से वीजा देने से इन्कार नहीं किया जाएगा।

क्रिकेट महाकुंभ
इंग्लैंड vs श्रीलंका
दोपहर 3:00 बजे से
स्थान : लीड्स
स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क

तेदेपा के चार राज्यसभा सदस्य भाजपा में

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली

- कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी में कराया शामिल
- राज्यसभा सभापति वेंकैया नायडू से किया विलय को मंजूरी देने का अनुरोध

नई दिल्ली में जेपी नड्डा (बाएं से दूसरे) की मौजूदगी में तेदेपा सांसद वाइएस चौधरी, टीजी वेंकटेश, सीएम रमेश भाजपा में शामिल हो गए। एएनआइ

लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा के खिलाफ मोर्चा बनाने की कोशिशों में आगे रहे तेलुगु देसम पार्टी (तेदेपा) के चार राज्यसभा सदस्य गुरुवार को भाजपा में शामिल हो गए। नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उन्हें पार्टी में शामिल कराया। जनमत का रुख देखते हुए और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भरोसा जताते हुए उन्होंने यह फैसला लिया। राज्यसभा सभापति एम. वेंकैया नायडू से मिलकर उन्होंने विधिवत भाजपा में विलय को मंजूरी का अनुरोध किया।

तेदेपा के राज्यसभा में छह सदस्य थे। गुरुवार सुबह राज्यसभा संसदीय दल की बैठक में चार सदस्यों- वाईएस चौधरी, सीएम रमेश, जीएम राव और टीजी वेंकटेश ने प्रस्ताव पास कर भाजपा में शामिल होने का फैसला लिया। चौधरी संसदीय दल के नेता भी हैं। दरअसल, इन नेताओं ने पहले ही राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह से भाजपा में शामिल होने की इच्छा जताई थी। पूरी औपचारिकता निभाने के बाद तीन सदस्य भाजपा दफ्तर पहुंचे। राव पांव में चोट के कारण नहीं आ सके। राज्यसभा में नेता सदन थावरचंद गहलोत, महासचिव भूपेंद्र यादव की मौजूदगी में जेपी नड्डा ने उन्हें पार्टी में शामिल कराया और भरोसा दिलाया कि भाजपा 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' के मंत्र पर ही आगे बढ़ेगी। बाद में पत्रकारों से बातचीत में वाईएस चौधरी ने चंद्रबाबू पर निशाना साधते हुए कहा, राज्य के विकास के लक्ष्य को टकराव से नहीं बल्कि सहयोग के जरिये ही हासिल किया जा सकता है। मालूम हो कि तेदेपा के अलग होने से पहले चौधरी मोदी सरकार-1 में मंत्री थे।

75 हुए रास में भाजपा सदस्य : इन चार नेताओं के पार्टी में शामिल होने के साथ ही 245 सदस्यीय राज्यसभा में भाजपा का वर्तमान आंकड़ा 75 हो गया है। सहयोगी दलों, मनोनीत सदस्यों व कुछ छोटे दलों के साथ राजग का आंकड़ा 115 के आसपास पहुंचता है। ध्यान रहे कि मोदी की पहली सरकार में कई विधेयक राज्यसभा में विपक्ष के बहुमत के कारण ही अटके थे।

ऐसे संकट नई बात नहीं : चंद्रबाबू

अमरावती, प्रेट्र : यूरोप में परिवार संग छुट्टियां मना रहे तेदेपा प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने कहा है कि ऐसे संकट तेदेपा के लिए नए नहीं हैं। उन्होंने फोन पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से बात की और कहा, तेदेपा ने राज्य के हितों के लिए ही भाजपा से टकराव मोल लिया था। विधानसभा चुनाव में हार के बाद से ही पार्टी में विभाजन की अटकलें थीं क्योंकि ज्यादातर लोग चंद्रबाबू के पुत्र लोकेश को नेता मानने को तैयार नहीं हैं। इससे पूर्व दर्जन भर से ज्यादा तेदेपा नेताओं ने काकीनाडा में गुप्त बैठक भी की। आंध्र प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एस. विष्णुवर्धन रेड्डी ने कहा, 'नायडू के लौटने तक आंध्र का राजनीतिक चेहरा बदल जाएगा।

पाकिस्तान का एक और झूठ बेनकाब

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली

- पाक विदेश मंत्रालय के हवाले से मीडिया ने कहा था, भारत बातचीत के लिए है तैयार
- भारत ने कहा, पीएम मोदी और विदेश मंत्री के धन्यवाद पत्र में वार्ता का जिक्र नहीं

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग पड़ने के साथ ही वित्तीय दबाव झेल रहे पाकिस्तान की भारत के साथ बातचीत को लेकर बेचैनी एक बार फिर देखने को मिली है। पाकिस्तान सरकार के हवाले से वहां के मीडिया में यह खबर चलवाई गई है कि भारत बातचीत के लिए तैयार है। लेकिन इस दावे को भारत ने एक सिरे से खारिज करते हुए साफ तौर पर कहा है कि वार्ता तभी संभव होगी जब पाकिस्तान आतंक व हिंसा का त्याग कर बातचीत के लिए भरोसे का माहौल बनाएगा।

पाकिस्तान के कुछ समाचार पत्रों ने गुरुवार को वहां के विदेश मंत्रालय के अधिकारियों के हवाले से यह खबर दी कि भारत बातचीत के लिए तैयार है। पीएम नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने वहां के अपने समकक्षों को पत्र लिख कर यह बात कही है। इस बारे में पूछने पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने कहा, 'यह सच्चाई को तोड़ने-मरोड़ने का मामला है। बहुत ही सीधी भाषा में लिखे पत्र को दूसरा रूप दिया जा रहा है। हमारे स्टैंड में कोई बदलाव नहीं है। यह फेक न्यूज को स्थापित करने की कोशिश है जो पाकिस्तान में बार-बार हो रहा है।'

रवीश कुमार ने कहा, 'पीएम मोदी और विदेश मंत्री जयशंकर ने पड़ोसी देश के प्रधानमंत्री इमरान खान व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को धन्यवाद पत्र जरुर लिखा है लेकिन उसका मजमून अलग है। इन्होंने लिखा है कि भारत पाकिस्तान समेत सभी पड़ोसी देशों के साथ दोस्ताना संबंध चाहता है। लेकिन इसके लिए यह जरुरी है कि भरोसे का, आतंक व हिंसा मुक्त माहौल बने।' विदेश मंत्री ने खास तौर पर आतंक से मुक्त माहौल की तरफ अपने पाकिस्तानी समकक्ष का ध्यान आकर्षित करवाया है। भारतीय पीएम व विदेश मंत्री ने ये पत्र पाकिस्तानी समकक्षों की तरफ से नई सरकार के गठन पर मिली बधाई के जवाब में लिखे थे।

यह पहला मौका नहीं है जब पाकिस्तान का विदेश मंत्रालय इस तरह की खबरें अपने यहां प्रचारित करा रहा है। इसके पीछे एक बड़ी वजह अमेरिका में शुरू हुई फाइनेंसिएल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की बैठक है। आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई के मामले में एफएटीएफ ने पाकिस्तान को निगरानी सूची में रखा है। पाक से 27 प्वाइंट पर काम करने को कहा गया था, जिसमें से वह 25 प्वांइट पर कार्रवाई करने में फेल रहा है। इसकी वजह से एफएटीएफ ने पाकिस्तान को अभी ग्रे सूची में डाला है, लेकिन उस पर काली सूची में डाले जाने की तलवार लटक रही है। अगर पाकिस्तान को काली सूची में डाल दिया जाता है तो उसका मौजूदा आर्थिक संकट और गंभीर हो जाएगा। इसलिए पाकिस्तान बार-बार भारत के साथ बातचीत शुरू करने की कोशिश कर रहा है। इसके पहले हाल ही में बिश्केक में शंघाई सहयोग संगठन में मोदी और खान के बीच औपचारिक अभिवादन को पाकिस्तानी मीडिया में बातचीत के तौर पर छापा गया था। रवीश कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने इमरान खान को लिखे धन्यवाद पत्र में करतारपुर कोरिडोर को जल्द शुरू करने की बात भी कही है। 12 जून को लिखे पत्र में प्रधानमंत्री ने कहा कि कोरिडोर को जल्द शुरू करने के लिए हमें काम करना होगा। इस कोरिडोर के जरिए करतारपुर स्थित गुरुद्वारा दरबार साहिब को गुरुदासपुर स्थित डेरा बाबा नानक से जोड़ा जाना है।

चोकसी का प्रत्यर्पण अनुरोध एंटीगुआ के विचाराधीन : रवीश ने बताया कि पंजाब नेशनल बैंक घोटाले में आरोपित मेहुल चोकसी के प्रत्यर्पण अनुरोध पर एंटीगुआ और बरबूडा प्रशासन अभी विचार कर रहा है।

हाईटेंशन लाइनों में फंसा तेंदुआ

हरियाणा के गुरुग्राम जिले के सोहना इलाके के मंडावर गांव में नीलकंठ मंदिर के समीप गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर एक तेंदुए की मौत हो गई। सुबह मंदिर में पूजा करने से पहुंचे ग्रामीणों ने तेंदुए को लाइनों से लटका देखा। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे वन विभाग के कर्मचारियों ने पोस्टमार्टम कराया, जिससे पता चला कि तकरीबन दो वर्ष की उम्र वाले इस तेंदुए की मौत बुधवार देर रात हुई है। (खबर पेज-6 पर) संजय गुलाटी

गुजरात की अदालत ने बर्खास्त आइपीएस संजीव भट्ट को सुनाई उम्र कैद की सजा

राज्य ब्यूरो, अहमदाबाद

- तीन दशक पुराने हिरासत में एक व्यक्ति की मौत के मामले में हुई सजा

गुजरात के जामनगर जिले की कोर्ट ने पूर्व आइपीएस अधिकारी संजीव भट्ट को हिरासत में मौत के तीन दशक पुराने मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई है। भट्ट के साथ ही हेड कांस्टेबल प्रवीण सिंह झाला को भी उम्र कैद की सजा सुनाई गई है। ज्ञात हो, अयोध्या रथयात्रा के दौरान 1990 में भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी की गिरफ्तारी के विरोध में भाजपा और विश्व हिंदू परिषद ने बंद का आह्वान किया था। इस दौरान जामजोधपुर में दंगा करने के आरोप में तत्कालीन एएसपी संजीव भट्ट के निर्देश पर 133 लोगों को हिरासत में लिया था। इनमें से एक प्रभुदास वैश्नानी की हिरासत में मौत हो गई थी। मृतक के परिजनों की शिकायत पर भट्ट, झाला समेत सात पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था।

संजीव भट्ट (फाइल फोटो) प्रेट्र

2011 में हुए निलंबित, 2015 में बर्खास्त : संजीव भट्ट को ड्यूटी से गैरहाजिर रहने के कारण 2011 में निलंबित किया गया था। अगस्त 2015 में बर्खास्त कर दिया गया। भट्ट ने इस मामले में 12 जून को सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दायर कर 10 अतिरिक्त गवाहों के बयान लेने का आग्रह किया था, जो खारिज हो गई थी।

इस समय जेल में बंद हैं भट्ट : भट्ट को एक व्यक्ति को मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में झूठा फंसाने के आरोप में सितंबर 2018 में गिरफ्तार किया गया था। इस समय वह गुजरात की पालनपुर जेल में बंद हैं।

विवादों में रहे भट्ट : संजीव भट्ट हमेशा विवादों में रहे। 2002 के गुजरात दंगों को लेकर उन्होंने राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री रहे नरेंद्र मोदी पर आरोप लगाए थे। हालांकि एसआइटी ने मोदी को क्लीनचिट दे दी थी। गत वर्ष गिरफ्तारी से पहले अहमदाबाद नगर निगम ने उनके घर में बने अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया था। उनकी पत्नी श्वेता भट्ट ने 2012 में कांग्रेस के टिकट पर मोदी के खिलाफ मणिनगर से विधानसभा चुनाव भी लड़ा, लेकिन वह चुनाव हार गई थीं।

ईरान ने मारा अमेरिकी ड्रोन, ट्रंप की धमकी पर पुतिन के भी तीखे तेवर

दुबई, रायटर : ईरान ने अमेरिकी सेना का ड्रोन (मानवरहित विमान) मार गिराया है। ईरान का कहना है कि यह जासूसी ड्रोन दक्षिणी ईरान के ऊपर से उड़ रहा था। अमेरिका ने इस बात से इन्कार करते हुए कहा है कि विमान होर्मुज जलडमरूमध्य (स्ट्रेट) के पास अंतरराष्ट्रीय सीमा में उड़ रहा था। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान ने ड्रोन को गिराकर बहुत बड़ी भूल की है। ताजा घटनाक्रम से दोनों देशों के बीच तनातनी बढ़ने और सशस्त्र टकराव की आशंका गहरा गई है। ईरान के समर्थन में रूस भी खुलकर सामने आ गया है। इस घटना के बाद तेल कीमतों में छह फीसद की वृद्धि हो गई है। ज्ञात हो, कुछ हफ्तों में अमेरिका ने क्षेत्र में सैनिकों की संख्या बढ़ाई है। साथ ही युद्धपोत भी तैनात किया है। ईरान ने भी दबाव बढ़ाने के लिए यूरेनियम का उत्पादन बढ़ा दिया है। हालांकि दोनों पक्ष युद्ध की बात से इन्कार कर रहे हैं।

ईरान की सशस्त्र सेना रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स ने बताया कि दक्षिणी प्रांत होर्मोजगन के ऊपर से उड़ रहे ड्रोन को निशाना बनाया गया। समाचार एजेंसी तसनीम न्यूज ने ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव के हवाले से कहा कि ईरान अपनी हवाई सीमा के उल्लंघन की हर कोशिश का मजबूती से जवाब देगा। सरकारी समाचार एजेंसी आइआरएनए के मुताबिक, यह ड्रोन आरक्यू-4 ग्लोबल हॉक श्रेणी का था। वहीं एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा, ड्रोन नौसेना के एमक्यू-4सी ट्राइटन श्रेणी का था। सूत्रों का कहना है कि ड्रोन के अवशेष अंतरराष्ट्रीय जल सीमा में मिले हैं। अगर यह बात सिद्ध होती है, तो ईरान का दावा झूठा साबित हो जाएगा। इस बीच, सऊदी अरब ने आरोप लगाया है कि यमन में ईरान समर्थक हाउती विद्रोहियों ने बुधवार को सऊदी के एक नमक कारखाने को निशाना बनाया। सऊदी ने इस पर अमेरिका से चर्चा की है। ईरान-अमेरिका के बीच पिछले साल से तनाव की स्थिति बनी हुई है, जब राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान के साथ हुए परमाणु समझौते से अमेरिका को अलग कर लिया था। साथ ही ईरान पर पुनः प्रतिबंध लगा दिए थे। पिछले हफ्ते ओमान की खाड़ी में दो तेल टैंकरों पर हुए हमलों के बाद से क्षेत्र में सैन्य टकराव का खतरा बढ़ गया है।

पहले भी बनाया है ड्रोन को निशाना पेज>>11

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

योगासन करने पीएम नरेंद्र मोदी रांची और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह रोहतक पहुंचे, 'योग फॉर हार्ट केयर' है इस बार की थीम, शहर ही नहीं, ग्रामीण इलाकों में भी किए जाएंगे आयोजन

दूर भगाने को रोग आज दुनिया करेगी योग

जागरण न्यूज नेटवर्क, नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर देश ही नहीं बल्कि समूची दुनिया शुक्रवार को योग करेगी। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड के रांची तो केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह हरियाणा के रोहतक में योग करेंगे। 'योग फॉर हार्ट केयर' की थीम पर इस बार आयोजित होने वाले पांचवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शहरों में ही नहीं बल्कि ग्रामीण इलाकों में भी आयोजन किए जाएंगे। देश की राजधानी दिल्ली में आयोजित होने वाले शिविर में उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू समेत कई मंत्रियों की मौजूदगी में लाखों लोग योग करेंगे।

रांची में होगा राष्ट्रीय कार्यक्रम : साल का सबसे लंबा दिन। यानी 21 जून। सबसे लंबे दिन पर अपनी लंबी उम्र के लिए पूरी दुनिया के लोग शुक्रवार को योग करेंगे। देश का राष्ट्रीय कार्यक्रम झारखंड की राजधानी रांची के धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में होगा। यहां पचास हजार लोगों के योग करने की व्यवस्था की गई है। हालांकि, और भी लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ योग करने के इच्छुक थे, मगर संख्या पूरी हो जाने की वजह से रजिस्ट्रेशन बंद कर दिया गया। यहां आयोजित होने वाले शिविर में दूसरे राज्यों व विदेश के भी प्रतिभागी शामिल होंगे।

प्रधानमंत्री रात में ही पहुंच गए रांची : राष्ट्रीय कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए प्रधानमंत्री गुरुवार रात ही रांची पहुंच गए हैं। वह राजभवन में ठहरे हैं। वह शुक्रवार सुबह साढ़े छह बजे राजभवन से सड़क मार्ग से धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान पहुंचेंगे। सुबह 7.35 बजे तक कार्यक्रम में शामिल होंगे।

पीएम के लिए तीन एंट्री प्वाइंट : कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा कारणों से प्रधानमंत्री के प्रवेश के लिए तीन एंट्री प्वाइंट बनाए गए हैं। इनमें से किसी एक एंट्री प्वाइंट से प्रधानमंत्री अंदर प्रवेश करेंगे। अन्य प्रतिभागियों के प्रवेश के लिए 11 एंट्री प्वाइंट बनाए गए हैं, जिनके नंबर उनके पास में उल्लेखित कर दिए गए हैं। कार्यक्रम स्थल पर पानी की बोतल, प्लास्टिक, काले कपड़े आदि ले जाने पर प्रतिबंध है। प्रतिभागी मैट भी नहीं ले जा सकेंगे। प्रतिभागियों को मोबाइल व जूते-चप्पल रखने के लिए जिला प्रशासन कैरी बैग उपलब्ध कराएगा।

चार सौ शौचालय बनाए गए : रांची के आयोजन स्थल पर लोगों की सुविधा के लिए 400 शौचालय बनाए गए हैं। पेयजल मुहैया कराने को 200 वाटर कियोस्क लगाए गए हैं। आठ चिकित्सा टीमें और 21 एंबुलेंस तैनात की गई हैं। एनडीआरएफ की टीम तैनात करने के साथ ही करीब 100 सीटीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। आयोजन के सीधे प्रसारण के लिए 28 स्क्रीन लगाई गई हैं।

कवर करने पहुंची राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मीडिया : प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को कवर करने के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की मीडिया पहुंच गई। जिला प्रशासन ने इन्हें शहर के विभिन्न होटलों में ठहराया है। दूरदर्शन के अलावा कई निजी समाचार चैनलों पर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा।

2015 से हुई थी आयोजन की शुरुआत : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर संयुक्त राष्ट्र महासभा ने दिसंबर 2014 में प्रस्ताव पारित किया था कि हर साल 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। तब से चार बार यह दिवस पूरे विश्व में मनाया जा चुका है। देश में रांची से पूर्व 2018 में देहरादून, 2017 में लखनऊ, 2016 में चंडीगढ़ और 2015 में नई दिल्ली में इस तरह का वृहत आयोजन हो चुके हैं।

शाह के साथ 25 हजार लोग करेंगे योग : रोहतक के मेला ग्राउंड में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री मनोहर लाल व स्वास्थ्य एवं खेल मंत्री अनिल विज के साथ करीब 25 हजार लोग एक साथ योग करेंगे। हरियाणा के राज्य स्तरीय समारोह में राज्यमंत्री मनीष ग्रोवर और सांसद अरविंद शर्मा भी शामिल होंगे। सुबह ठीक सात बजे योगासन शुरू होगा, जो 45 मिनट तक चलेगा। शिविर में शिरकत करने के लिए शाह गुरुवार रात ही रोहतक पहुंच गए हैं।

रांची में गुरुवार देर रात एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करती झारखंड की राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू, मुख्यमंत्री रघुवर दास, मंत्री सीपी सिंह और अन्य नेता। जागरण